भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1178
उत्तर देने की तारीखः 23 मार्च, 2012

मॉडल स्कूल स्थापित किया जाना

1178. डा॰ टी॰ सुब्बारामी रेड्डीः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश में मॉडल स्कूल स्थापित करने के लिए विभिन्न राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ऐसे कितने प्रस्तावों को स्वीकृत किया जा चुका है और ये स्कूल स्थापित करने के लिए वित्त–पोषण की पद्धति का ब्यौरा क्या है;

(घ) सार्वजनिक–निजी भागीदारी पद्धति के अंतर्गत 2500 मॉडल स्कूल स्थापित करने के लिए पहचान किए गए स्थानों के साथ–साथ इन स्कूलों को स्थापित करने में शुरुआत से अब तक कितनी प्रगति हुई है; और

(ङ) इस स्कीम के अंतर्गत शुरु से अब तक कितनी धनराशि जारी की गई है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा इसमें से कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

(क) और (ख): जी, हां। मॉडल स्कूल योजना की शुरुआत से अब तक 24 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से 2,425 शैक्षिक रूप से पिछड़े ब्लॉकों में मॉडल स्कूलों की स्थापना हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

(ग): दिनांक 20.03.2012 तक 22 राज्यों में 1942 ब्लॉकों में मॉडल स्कूलों को अनुमोदित किया गया है तथा 20 राज्यों में 1562 मॉडल स्कूलों की स्थापना हेतु निधियां जारी की गई हैं। इन स्कूलों की स्थापना हेतु, 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान केन्द्र सरकार तथा राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के बीच अनावर्ती तथा आवर्ती लागत हेतु हिस्सेदारी पैटर्न 75:25 (विशेष श्रेणी के राज्यों तथा सभी राज्यों में स्तरोन्नत आश्रम स्कूलों हेतु 90:10) है।

(घ) और (ङ.): पंजाब, जहां पर 21 अनुमोदित स्कूलों में से सभी का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, को छोड़कर स्कूल भवनों का निर्माण कार्य विभिन्न चरणों पर है। राज्य सरकारों को जारी 1750.03 करोड़ रु. में से, राज्य सरकारों द्वारा 149.90 करोड़ रु. की राशि के उपयोग किए जाने की सूचना प्राप्त हुई है। सार्वजनिक–निजी भागीदारी प्रणाली के तहत 2500 मॉडल स्कूलों को ऐसे ब्लॉकों के मुख्यालयों में स्थापित करने का प्रस्ताव है जो शैक्षिक रूप से पिछड़े नहीं हैं।

***